प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश को अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सल समस्या से मुक्त कराने का दोहराया संकल्प, नक्सलियों से की समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील।**
2. **वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अलका तिवारी ने संभाला राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट सरकार को सौंपी, निकाय चुनाव की हलचल तेज।**
3. **भाजपा ने सीआईडी की गतिविधियों पर उठाये सवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से की उच्चस्तरीय जांच की मांग।**
4. **राज्य में बारिश का सिलसिला जारी, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और हजारीबाग में कल के लिए ऑरेंज अलर्ट।**

और

5. **रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान, गिल को कमान।**

****

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले वर्ष इकतीस मार्च तक देश को नक्सल समस्या से मुक्त करने के केन्द्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए नक्सलियों से अपील की है कि वे शस्त्र छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाए। आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर दशहरा लोकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि जो नक्सली हथियारबंद संघर्ष जारी रखेंगे, उन्हें सुरक्षा बल कड़ा जवाब देंगे।

****

राज्य में नए राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अलका तिवारी ने पदभार संभाल लिया है। इस बीच राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट औपचारिक रूप से नगर विकास विभाग को सौंप दी है। इसके साथ ही राज्य में नगर निकाय चुनाव की हलचल तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि अब निकाय चुनाव में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

इधर, सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है नगर निकाय चुनाव में अब कोई बाधा नहीं है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीआईडी की गतिविधियों पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जांच एजेंसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सीआईडी के पिछले एक साल के कार्यकाल की सार्वजनिक जांच करायी जानी चाहिए।

****

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज गुजरात के गांधीनगर से राष्ट्रव्यापी आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान की शुरुआत की। अगले तीन महीनों में, यह अभियान देश के हर ज़िले में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बैंकों, बीमा कंपनियों, पेंशन फंडों, स्टॉक और म्यूचुअल फंड कंपनियों द्वारा रखी गई लावारिस संपत्तियों के आसान और त्वरित समाधान पर केंद्रित होगा।

****

सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संग्रह नियम–2008 में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार वैध और सक्रिय फास्टटैग के बगैर शुल्क प्लाजा से गुजरने वाले वाहन यदि नकद का विकल्प चुनते है तो उन्हें आधिकारिक उपभोक्ता शुल्क का दो गुना भुगतान करना होगा। यदि शुल्क यूपीआई के माध्यम से दिया जाता है तो आधिकारिक शुल्कय का सवा गुना भुगतान करना होगा। यह नियम अगले महीने की 15 तारीख से लागू होगें।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर कटौती पर चर्चा कर रहे हैं।

****

गिरिडीह के टावर चौक स्थित पुराना नगर निगम परिसर स्थित दुकान को तोड़ने पहुंची प्रशासन की टीम को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने हाईकोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें 15 अक्तूबर तक सभी दुकानदारों को नयी दुकान में शिफ्ट करने को कहा गया है। इसके बाद प्रशासन की टीम लौट गयी।

****

राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इस कड़ी में देवघर एम्स को राज्य के दो मेडिकल कॉलेज और तीन सदर अस्पतालों का मेंटर बनाया गया है।

****

राज्य में बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने पांच और छह अक्टूबर को भी राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इसको लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा और हजारीबाग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची और लोहरदगा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। वहीं, सूर्यकुमार यादव टी–20 टीम का जिम्मा संभालेंगे।

****

तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय वनडे मुकाबला होने जा रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 30 नवंबर को यहीं खेला जाएगा।

********समाप्त*********